## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी सामान को बढ़ावा देने का किया आह्वान, कहा – केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तो आत्मनिर्भर भारत का सपना होगा साकार।
2. नौ दिनों तक चलने वाला नवरात्रि त्योहार आज से शुरू, रांची जिला प्रशासन ने प्रमुख पूजा पंडालों और दहन स्थलों का किया निरीक्षण।
3. स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत झारखंड में 4 लाख से अधिक लोगों ने उठाया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ।
4. मौसम विभाग ने राज्य में बारिश के साथ तेज हवाओं और वज्रपात का यलो अलर्ट किया जारी, लोगों से सावधानी बरतने की अपील।
5. एशिया कप के सुपर 4 चरण के मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया।

******************

प्रधानमंत्री ने प्रत्येक परिवार का आह्वान किया कि वह स्वदेश का प्रतीक बने और प्रत्येक दुकान स्वदेशी सामान से सुसज्जित हो। कल राश्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने सभी राज्य सरकारों से अपील की कि वे आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान में सक्रिय सहायता प्रदान करें और अपने–अपने क्षेत्रों में विनिर्माण को बढावा दें। उन्होंने कहा कि जब केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढेंगे तो आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी.एस.टी. बचत उत्सव की शुरुआत की घोषणा करते हुए बतया कि इससे देश की कर प्रणाली में एक नया अध्याय शुरू होगा। उन्होंने कहा कि अब जी.एस.टी. सरल, पारदर्शी और जन–अनुकूल हो गई है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार, आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर कर का बोझ कम करके नागरिकों को सीधी राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये सुधार देश की विकास यात्रा को गति देंगे।

******************

शारदीय नवरात्र आज से आरंभ हो गए हैं। नौ दिन के इस अनुष्ठान में शक्ति स्वदरूपा मां दुर्गा के विभिन्ना रूपों की पूजा–अर्चना की जाती है। नवरात्र के प्रथम दिन आज देवी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवरात्रि की शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट् में आशा व्यक्त की कि नवरात्रि का पावन अनुष्ठान हर एक के जीवन में शक्ति और संकल्प का संचार करेगा। इधर रांची में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने शहर के प्रमुख पूजा पंडालों और रावण दहन स्थलों का निरीक्षण किया। समितियों को सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, महिला–पुरुष प्रवेश द्वार और विद्युत व्यवस्था सहित सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

******************

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने गोड्डा में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिसमें स्वच्छता, स्वास्थ्य शिविर और खेल प्रतियोगिताएं शामिल हैं। उन्होंने सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए सरकार पर सच छुपाने का आरोप लगाया।

******************

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया है कि 20 सितम्बर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत देश भर में दो लाख 83 हजार से ज़्यादा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इधर झारखंड में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत लाखों लोगों को स्वास्थ्य

लाभ मिल रहा है। अब तक राज्यभर में 13 हजार से अधिक कैंपों के जरिये 4 लाख से ज्यादा लोगों की जांच और उपचार किया जा चुका है। बोकारो जिले में तीन दिनों में 61 हजार लोगों, जिनमें 39 हजार महिलाएं शामिल हैं, ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

******************

झारखंड गठन के बाद पहली बार खूंटी के नक्सल प्रभावित कोचांग मैदान में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, प्रदेश प्रभारी के राजू सहित कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने आमसभा की। मौके पर वित्त मंत्री ने आश्वस्त किया कि एनडीपीएस एक्ट में कोई ग्रामीण जेल नहीं जाएगा तथा वैकल्पिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

******************

लोहरदगा जिला मे हाथियों का झुंड पिछले 18 माह से डेरा जमाएं हुए हैं। पूरे इलाके में हाथियों के आतंक से ग्रामीण दह□ात में हैं।

******************

मौसम विभाग ने 25 सितंबर तक बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना जताई है। इसके असर से झारखंड में 24 सितंबर तक बारिश के साथ तेज हवाओं और वज्रपात का यलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की है।

******************

भारत ने एशिया कप के सुपर 4 चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। इस जीत से भारत का नेट रन रेट अच्छा हो गया है और उसे खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कल किए गए राश्ट्र के नाम संबोधन की खबर को प्रमुखता से प्रका□ात किया है।

- हिन्दुस्तान की सुर्खी है–प्रधानमंत्री मोदी बोले, कर सुधार से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, जीएसटी बचत उत्सव भाुरू।

- प्रभात खबर ने लिखा है–घाट से पंडाल तक तैनात रहेंगी रेस्क्यू टीमें।

- दैनिक भास्कर के भाब्द है–एचईसी अब एनटीपीसी को बेचेगी तीन एकड़ जमीन, करीब 85 करोड़ मिलेंगे।

- चैंबर चुनाव के नतीजों की खबर को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से प्रकाि□ात करते हुए भीर्शक दिया है चैंबर चुनाव में आदित्य टीम का कब्जा 13 उम्मीदवार जीते।